तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 17 जून 2024



4

नौघटा में 30 लाख के कार्यों का ओपी ने किया लोकार्पण






## खबर संक्षेप




### 5 दिवसीय निःशुल्क योग शिविर आज से

**रायगढ़।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 17 जून से प्रातः 6 से 8 बजे तक योगा वेलनेस सेंटर रायगढ़ द्वारा कृष्ण वाटिका कालोनी रायगढ़ में 5 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस योग शिविर में कुशल योग चिकित्सक द्वारा योग प्रशिक्षण दिया जाएगा। जहाँ योग की सभी गतिविधियों से जनसामान्य को अवगत कराया जाएगा। सोमवार से आयोजित योग शिविर के दौरान भ्रामरी, कपालभांति, अनुलोम विलोम और योग की विभिन्न प्राथमिक क्रिया करवाई जाएगी।
उल्लेनीय हैं कि यदि हम नियमित रूप से सुबह हर रोज एक घंटा योग करेंगे तो असाध्य रोगों से भी मुक्ति पा सकते हैं। योग प्राचीन भारतीय जीवन पद्धति है। योग के जरिए न सिर्फ बीमारियों का निदान किया जा सकता है बल्कि इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक तकलीफों को दूर रखा जा सकता है। सोमवार से आयोजित होने वाले योग शिविर में जनसमान्य नियत समय में आकर इसका अवश्य लाभ उठाएं।

### लापता नाबालिग चंद्रपुर से बरामद, युवक गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा गुम नाबालिगों की खोज के लिये विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें पुसौर पुलिस द्वारा नाबालिक बालिका को दस्तयाब कर बालिका बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी को संजय कुमार सतनामी को चंद्रपुर क्षेत्र से हिरासत में लेकर दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। 23 फरवरी को थाना पुसौर में गुम बालिका के पिता द्वारा बालिका के लापता होने की रिपोर्ट आवेदन देकर दर्ज कराया गया था जिस पर थाना पुसौर में धारा 363 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर बालिका की पतासाजी की जा रही थी। गुम बालिका के बाराद्वार के संजय कुमार सतनामी के साथ संपर्क में होने की जानकारी मिली थी दोनों लगातार अपना लोकेशन बदल रहे थे। पुलिस संदेही संजय कुमार सतनामी पर दबाव बना रही थी पिछले दिनों बालिका और संदेही के चंद्रपुर में देखे जाने की सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल दबिश देकर संजय कुमार सतनामी को हिरासत में ली जिसके कब्जे से बालिका को दस्तयाब किया गया।

### मुआवजे की मांग पर युकां ने किया प्रदर्शन

**रायगढ़।** शुक्रवार को करंट प्रवाहित तार के चपेट में आने से दो युवकों की मौत को लेकर शनिवार को युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा मृतक के परिजनों को नौकरी व मुआवजे की मांग करते हुए घरघोड़ा के जमकर प्रदर्शन किया।
उल्लेखनीय है कि घरघोड़ा क्षेत्र के ग्राम बरकसपाली में करंट प्रवाहित तार के चपेट में आने से दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई थी। जिसको लेकर घरघोड़ा के युवा कांग्रेस नेता नगर पंचायत उपाध्यक्ष उस्मान बेग ने अपने साथियों को लेकर शनिवार को जय स्तंभ चौक में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया था। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे युवाओं का कहना था कि राज्य सरकार के निष्क्रियता के चलते जिले की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से बदहाल हो गई है। जिसके चलते हल्की हवा चलते ही घंटों बिजली गुल हो जाती हैए साथ ही बिजली विभाग की लचर व्यवस्था के चलते बीच बीच में हादसे भी हो रहे हैंए जिससे लोग असमय ही गाल के गाल में समा रहे हैं। साथ ही कार्यकर्ताओं का कहना था कि मृतक के परिवार को उचित मुआवजा व नौकरी दिलाया जाए ताकि उनका जीवन यापन सही तरीके से चल सके।

## जर्जर स्कूल भवनों के जीर्णोद्धार की उच्च न्यायालय ने शासन से मांगी रिपोर्ट

# एक सत्र बीतने के बाद भी नहीं सुधर सकी जर्जर स्कूलों की दशा, इन्हीं में होंगे शाला प्रवेशोत्सव





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लगातार अखबारों में जर्जर स्कूलों की दशा और वहां पढ़ने वाले विद्यार्थी व पढ़ाने वाले शिक्षकों की परेशानियों की खबरों के प्रकाशन पर उच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लेते हुए शासन से स्कूलों की जर्जर स्थिति पर हो रहे कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

अहम बात यह है कि कुछ ही दिनों में स्कूलों में विद्यार्थी पढ़ने के लिए जाएंगे। ऐसे में जिले में सैकड़ों ऐसे विद्यालय हैं, जिनके भवनों की दशा काफी दयनीय है। यह भवन कभी भरभरा कर गिर सकते हैं, किंतु इसमें मुख्य बात यह है कि शासन प्रशासन द्वारा जिन जर्जर स्कूलों की मरम्मत या जीर्णोद्धार का काम कराया जा रहा है। वह भी काफी धीमी गति से हो रहे हैं। यही वजह है कि एक सत्र और बीत जाने के बाद भी कई विद्यालयों के विद्यार्थी व शिक्षकों को नए भवन की सौगात नहीं मिल सकी है। ऐसे में यहां पढ़ने वाले विद्यार्थी सहित शिक्षकों को भी भय के माहौल में पढ़ाना पड़ता है। जिले में ऐसे कई विद्यालय भवन हैं, जिन्हें मरम्मत व जीर्णोद्धार की आवश्यकता है। ज्ञात हो कि दयनीय हो चुके स्कूल भवनों की दशा सुधारने के लिए पिछली राज्य सरकार ने स्कूल जतन योजना लागू की थी, किंतु इस योजना का लाभ जिले के जर्जर विद्यालय भवनों को अब तक नहीं हो सका।

### 980 शालाओं की नहीं बदली तस्वीर

इस बारें में आंकड़े ही पूरी हकीकत बयां करते नजर आते हैं। विभागीय सूत्रों की मानें तो जिले में करीब 980 विद्यालय भवनों के जीर्णोद्धार के लिए लगभग 10891 लाख रूपए स्वीकृत हुए थे, इसके बाद भी इन विद्यालय के जर्जर भवनों की दशा नहीं सुधर सकी। इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कई स्कूल भवनों को पूरी तरह से कंडम घोषित कर दिया गया है। इसके बाद भी इनका जीर्णोद्धार नहीं हो सका है।

#### 520 स्कूलों का कार्य अप्रारंभ

बताया जा रहा है कि स्कूल जतन योजना के तहत करीब 1 हजार 750 स्कूलों को शामिल किया गया था। जिसमें से अब तक करीब 520 स्कूलों के जीर्णोद्धार का काम शुरू ही नही हो सका है। वहीं जिले में 979 स्कूलों का काम पूरा होने की बात कही जा रही है।

#### नवनिर्माण के लिए भेजे गए प्रस्ताव

बताया जा रहा है कि जिले में करीब 100 स्कूल ऐसे हैं, जिन्हें पूरी तरह कंडम घोषित कर दिया गया है, किंतु इन स्कूलों को स्कूल जतन योजना के तहत शामिल ही नहीं किय गया है। ऐसे मे शिक्षा विभाग ने एक नया प्रस्ताव शासन को भेजा है, किंतु अब तक इस प्रस्ताव पर शासन द्वारा स्वीकृति नहीं मिल सकी है। ऐसे इन स्कूलों के जीर्णोद्धार का काम भी शुरू नहीं हो सका है।

#### फैक्ट फाइल

| विखं. | जर्जर स्कूल |
|---|---|
| रायगढ़ | 10 |
| खरसिया | 08 |
| तमनार | 27 |
| लैलूंगा | 14 |
| धरमजयगढ़ | 19 |

## पीडीएस दुकान मे घुसे हाथी चावल को पहुंचाया नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



धरमजयगढ़ वन मंडल के अंतर्गत छाल वन परिक्षेत्र के ग्राम ऐडुकला में स्थित उचित मूल्य की दुकान का चैनल गेट तोड़ते हुए हाथी दाखिल हो गए और दुकान के भीतर रखे चावल की बोरियों को तहस नहस कर दिया। हाथियों के दुकान मे दाखिल होने से कई टेबल आदि को भी नुकसान पहुंचा है।

इस बात की सूचना जब ग्रामीणों को कई तो उन्होंने वन अमले को सूचित किया। हालांकि वन अमले के मौके पर पहुंचते तक हाथी गांव से बाहर निकल चुके थे। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से हाथियों का एक बड़ा दल विचरण कर रहा है और इन दल में शामिल हाथी अक्सर खाने की तलाश में गांव में दाखिल होते हैं। इसी कड़ी में बीती रात हाथियों ने पीडीएस दुकान में दाखिल हो गए, जहां रखे चावल को चट कर दिया और काफी नुकसान भी पहुंचाया। बताया जा रहा है कि हाथियों का यह दल कुछ दिन पहले ही डेहरीडीह गांव भी पहुंचा था, जहां इन हाथियों ने खाने की तलाश में काफी उत्पात मचाया था।

### बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**सरसींवा।** मुस्लिम समुदाय द्वारा मनाए जाने वाले प्रमुख पर्वों में से एक ईद उल अजहा बकरीद पर्व को लेकर उच्चाधिकारियों के निर्देशन में 16 जून को थाना परिसर सरसींवा में शांति समिति की बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में मुस्लिम समुदाय के लोगों सहित क्षेत्र के प्रबुद्ध जन, पत्रकारगण, जनप्रतिनिधि सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। जहाँ बैठक की अध्यक्षता कर रहे थाना प्रभारी टीकाराम खटकर ने सभी से पर्व को शांति एवं सौहाद्र पूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। वहीं बैठक में थाना प्रभारी ने यातायात संबंधी सावधानीयों एवं आए दिन हो रही छोटी बड़ी सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने संबंधी सुझावों पर चर्चा की।

## गेरवानी सराईपाली पीएम सड़क सुधार हेतु कलेक्टर को आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

रायगढ़ जिले के ग्राम गेरवानी सराईपाली मार्ग प्रधानमंत्री सड़क योजना के अन्तर्गत वर्ष 2018 में निर्मित 2020 से 2025 तक संधारण कार्य ठेकेदार सुनील कुमार अग्रवाल द्वारा किया जा रहा है। लेकिन पिछले वर्ष से गेरवानी से पेट्रोल पंप तक सड़क में जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे होकर काफी खराब गए हैं। सड़क में हमेशा दुर्घटना का भय बना हुआ है। पिछली वर्ष ग्रामवासियों जनप्रतिनिधियों एवं छात्र छात्राओं पालकों द्वारा धरना आंदोलन किया गया जिस पर प्रशासन उद्योग एवं क्षेत्रवासियों को सक्षम अधिकारियों द्वारा अविलंब सुधार करने आश्वासन देकर आंदोलन समाप्त कराया गया था।

बता दें कि इस प्रधानमंत्री सड़क में दर्जनों उद्योग की सैकड़ो भारी वाहन क्षमता 35 से 40 टन की आवाजही होती है। गेरवानी सराईपाली



सड़क में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला गेरवानी संचालित है। जिस पर कई गाँव के छात्र छात्राएँ आना जाना करते हैं। गर्मी में गड्ढे धूल एवं बरसात में कीचड़ से आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सरपंच चमेली सिदार ने बताया कि गेरवानी से पेट्रोल पंप तक प्रधानमंत्री सड़क में बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। कई बार धरना आंदोलन किया जा चुका तत्काल सुधार करने आश्वासन दी जाती है लेकिन सुधार नही हो पा रही है।

### साले से मुलाकात करने जा रहे बहनोई की दुर्घटना में मौत

**रायगढ़।** सारंगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बटाउपाली से जल डालने वाली सडक़ दुर्घटना घटित हुई है जिसमें जेल में निरुद्ध बंदी साला से मिलने के लिए जा रहे जीजा की पिकअप की ठोकर से सडक़ दुर्घटना में मौत होने का मामला सामने आया है। जबकि दो साल की बालिका इस हादसे में चमत्कारिक रूप से सकुशल हैं। मिली जानकारी के मुताबिक गोविंदा दास मानिकपुरी पिता सूरज दास उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम भलोन्द्रा सरसींवा का निवासी हैं।बीते शनिवार को गोविंदा अपने 2 वर्षीय बच्चे को साथ मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 04 जेडी 8135 में लेकर ग्राम सालर से सारंगढ़ जेल अपने साला से मुलाकात करने जा रहा थाए सुबह 11 बजे पिकअप क्रमांक सीजी 13 ए जी 6407 वाहन चालक ने बाइक को टक्कर मार दिया।

## सलिहारी पुल परिसर में सफाई कर केलो मैया की आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

केलो कोयलांचल आदिवासी बाहुल्य तमनार के ग्राम पंचायत कसडोल के सलिहारी केलो नदी पुल परिसर में साफ़ सफाई कर सांध्यकालीन आरती कर प्रसाद वितरण की गई। केलो है तो कल है जल ही जीवन है नमामि मां केलो जयघोष किया गया।

रायगढ़ जिला के जीवनदायनी केलो नदी के संरक्षण संवर्धन जनजागरूकता हेतु पहाड लुडेग केलो के उदगम स्थल से केलो नदी से लगे ग्रामो में साफ सफाई कर केलो मईया की आरती उतारकर ग्रामवासियों को प्रसाद ख़लिाया गया। कार्यक्रम में शिक्षाविद पर्यावरण चिंतक लक्ष्मी नारायण चौधरी



सामाजिक कार्यकर्ता पर्यावरण प्रेमी दुलेंद्र पटेल, सरपंच उमा देवी लछिंदर राठिया, टिकेंद्र पटेल, राजेश, धरम सिंह, संतोष अन्य पर्यावरण प्रेमी शामिल रहे।

### छत पर सो रही बालिका की सर्पदंश से मौत

**रायगढ़।** मेहमानी में मामा घर आए 13 वर्षीय बालिका स्वजनों के साथ छत में सोने के दौरान अज्ञात सांप के काटे जाने से मृत्यु हो गई। जानकारी के मुताबिक वर्षा सिदार पिता गोरे लाल उम्र 13 ग्राम परींपथरा थाना सारंगढ़ की रहने वाली हैं। वर्षा दो दिन पहले गर्मी के छुट्टी मनाने हरदी अपने मामा साकीराम सिदार के घर गई थी। गर्मी अधिक होने के चलते घर के सभी सदस्य रात में छत में सोते थे। वर्षा भी 14 जून की रात में छत में जमीन में बिस्तर लगाकर घर के सदस्यों के साथ सोई थी। इस बीच रात में असहनीय दर्द के चलते वह चीख पुकार मचाने लगी। जिसे सुनकर घर में मौजूद सदस्यों ने उसकी सुध ली तो देखा कि पैर में सांप के काटे जाने का निशान मिला। परिजनों ने आनन फानन में उपचार के सारंगढ अस्पताल लेकर गए लेकिन उसकी सेहत लगातार बिगड़ रही थी। ऐसे में निजी वाहन करते हुए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के लेकर आए जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## करंट से कबरबिज्जू की मौत, वन विभाग ने किया अंतिम संस्कार



**रायगढ़।** वन परिक्षेत्र रायगढ़ अंतर्गत ग्राम भोजपल्ली में विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से दुर्लभ वन्यजीव कबरबिज्जू की मौत हो गई। सूचना मिलने पर वन अमला मौके पर पहुंचा और वन्यजीव के शव का पोस्टमार्टम करने के लिए उसे इंदिरा बिहार लाया गया। जहां पोस्टमार्टम करने के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों ग्राम भोजपल्ली में विद्यु प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक दुर्लभ वन्य जीव कबरबिज्जू की मौत हो गई। ग्रामीणों की वन्य जीव के शव पर नजर पड़ी तो उन्होंने वन अमले को सूचित किया। बताया जा रहा है कि एक खेत के समीप विद्युत तार टूट कर गिरा हुआ था, जिसकी चपेट में यह वन्य जीव आ गया और उसकी मौत हो गई। हालांकि वन्य जीव का पोस्टमार्टम किया गया है, वहीं वन अधिकारियों की मानें तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर वन्य जीव की मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। हालांकि प्रथम दृष्टया करंट की चपेट में आने से वन्यजीव की मौत होने की बात कही जा रही है।

### उद्योगकर्मी ने जहर पीकर दी जान

**रायगढ़।** एमएसपी प्लांट कर्मी ने अज्ञात कारणों से कीटनाशक दवा सेवन कर जान दे दिया। घटना की सूचना मिलते ही चक्रधर नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में ली हैं। मिली जानकारी के मुताबिक भुनेश्वर निषाद पिता नीलांबर निषाद उम्र 31 साल कुकुरदा थाना चक्रधर रहवासी है। भुवनेश्वर कंपनी में एमएसपी लेबर का काम करता रहा था, जिसके दो बच्चे है। वह एमएसपी प्लांट में रोजना ड्यूटी में जाता था, बीते दिन वह ड्यूटी में नहीं गया और घर मे ही गुमसुम था। इस बीच दोपहर में घर मे रखा कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया इससे उसकी हालत बिगड़ गई। भुवनेश्वर की सेहत को बिगड़ता देख परिजनों ने पूछताछ किया तो उसने बताया कि वह घर में कीटनाशक दवा को सेवन कर लिया है। उक्त वाकये को सुनकर परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। तत्पश्चात तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर आए। जहां उसकी मृत्यु हो गई। बहरहाल मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन की तहरीर पर चक्रधर नगर पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए पोस्टमार्टम को कानूनी प्रक्रिया को पूरा की है।

## रेलवे कर्मचारियों के लिए संरक्षा संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी साकेत रंजन के निर्देशन में मंडल संरक्षा विभाग द्वारा संरक्षा कोटि के कर्मचारियों में बेहतर सजगता एवं संरक्षा के साथ कार्य प्रणाली सुनिश्चित करने हेतु अनेक संरक्षा अभियान चलाये जा रहे हैं। इसी कड़ी में 15 जून को रायगढ़ स्टेशन में सहायक मंडल विद्युत अभियंता आद्या प्रसाद एवं संरक्षा सलाहकारों की उपस्थिति में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में स्टेशन मास्टर, चालक, परिचालक गार्ड, फिटर, एसएसई, जेई, डीटीआई, पाइंटमैन, गेटमैन, सहित विभिन्न विभागों के लगभग 90 से अधिक रेल कर्मचारियों ने भाग लिया।

संगोष्ठी में दुर्घटनाओं के संभावित कारणों को पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रदर्शित किया गया तथा दुर्घटनाओं को रोकने के उपायों एवं इस दौरान ली जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। इसके साथ ही सिग्नल एवं पाइंट्स खराब होने पर स्टेशन मास्टर के कर्तव्य, शंटिंग के दौरान ली जाने वाली



सावधानियां, लोको पायलट व ट्रेन मैनेजर के कर्तव्य, ओएचई ब्लाक के दौरान ली जाने वाली सावधानियां, ग्रीष्मकालीन के दौरान की जाने वाली पेट्रोलिंग एवं रेल फ्रेक्चर तथा वेल्ड फ्रेक्चर की स्थिति में ट्रैक की सुरक्षा, लोडिंग, अनलोडिंग पाइंट्स पर वैगन के दरवाजों का सही ढंग से बंद होना सुनिश्चित करना, गेटमेन के द्वारा ली जाने वाली सावधानियां, आपदा प्रबंधन एवं स्क्क्रष्ठ से बचाव के तरीकों जैसे अनेक गहन मुद्दों पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा नागरिक सुरक्षा निरीक्षक के द्वारा फायर फाइटिंग एवं प्रथमोपचार करने का प्रशिक्षण भी दिया गया। संगोष्ठी में कर्मचारियों को संरक्षा नियमों का पालन करते हुए अपने कार्यों का निष्पादन सर्तकता एवं सजगता के साथ करने की सलाह दी गई।

### जनमन योजना में 4 विखं के 25 ग्रापं. के 100 हितग्राहियों का चयन

# मकान का सपना हो रहा साकार, हितग्राहियों का बना मकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पहली बार विशेष पिछली जनजाति बिरहोर परिवारों का भी खुद के मकान का सपना पूरा हो रहा है। जिले के 4 ब्लॉक के करीब 184 पात्र हितग्राहियों में से 100 लोगों का चिन्हांकन किया गया है, जिसमें से 96 हितग्राहियों को पहली किश्त भी जारी कर दी गई है। इन मकानों का निर्माण प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत किया जा रहा है। दो मकानों का निर्माण पूरा हो चुका है, ऐसे में जल्द ही इनका गृह प्रवेश होगा।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जिले 4 विकासखंड घरघोड़ा, धरमजयगढ़, लैलूंगा और तमनार के 25 ग्राम पंचायतों में बिरहोर जनजाति परिवारों के लिए पहली बार आवास निर्माण की योजना चल रही है जो वर्तमान में जमीनी स्तर पर भी उतर चुकी है। इस योजना के तहत उक्त विकासखंड के करीब 184 परिवारों का पात्र पाया गया है, जिसमें से पहले चरण के लिए 100 परिवारों का चिन्हांकन किया गया है। इनमें से 96 परिवारों




को पहली किश्त भी दी जा चुकी है। वहीं वर्तमान में दो आवास का निर्माण पूरा हो चुका है। ऐसे में जल्द ही इन दोनों आवासों के हितग्राहियों का गृह प्रवेश भी कराया जाएगा। पहली बार इन दोनों परिवारों के पक्के मकान का सपना पूरा हो सका है। गौरतलब है कि पीएम जनमन आवास योजना से विशेष पिछड़ी जनजाति के हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए 2 लाख रुपए की राशि दी जाती है।

#### मनरेगा मजदूरी की भी मिल रही राशि

इस बारे में बताया गया कि आवास निर्माण के लिए मनरेगा के तहत काम करने पर हितग्राहियों को प्रतिदिन 243 रूपए मजदूरी के हिसाब से 90 दिनों की मजदूरी भी उनके खाते में मिल रही है। इस प्रकार शासन की ओर से आवास निर्माण के लिए दिए जाने वाले 2 लाख रूपए के अलावा 21 हजार 870 रूपए भी उन्हें दिए जा रहे हैं।

#### इतने ग्राम पंचायतों का हुआ चयन

प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जिले के 4 विकासखंड में धरमजयगढ़ के 16 ग्राम पंचायत, लैलूंगा के 4, तमनार के 4 और घरघोड़ा के 1 ग्राम पंचायत का चयन किया गया है।

#### इतनी किस्त हुई जारी

इस बारे में मिली जानकारी के अनुसार चिन्हाकित किए गए 100 हितग्राहियों में से 96 हितग्राहियों में से प्रत्येक को पहली किश्त के रूपए में 40 हजार, 66 हितग्राहियों में से प्रत्येक को 66 हजार रूप की किश्त जारी गई है। वहीं तीसरी किश्त के रूप में 80 हजार रूपए तथा चौथी किश्त के रूप में प्रत्येक हितग्राही को 20 हजार रूपए की राशि जारी की जाएगी।

## स्काई एलॉयज एंड पावर में रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर स्काई अलॉयज एंड पावर लिमिटेड टेमटेमा संयंत्र के व्यवसायजन्य स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया द्य इस का उद्देश्य रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करना था। कंपनी परिसर में आयोजित इस शिविर में कर्मचारियों के साथ-साथ स्थानीय निवासियों ने भी हिस्सा लिया। इस शिविर में लगभग 31 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर स्काई अलॉयज एंड पावर लिमिटेड के कर्मचारीगण एवं कामगारगण एवं निकटतम ग्राम निवासी उपस्थित थे। जिन्होंने रक्तदान के महत्व को समझाए और



रक्तदान सबसे बड़ा दान है और इससे किसी की जान बचाई जा सकती है। कंपनी के प्रबंध निदेशक विकास अग्रवाल रक्तदान के महत्व पर कहा रक्तदान एक महान सेवा है। स्काई एलॉयज एंड पावर लिमिटेड हमेशा समाज की सेवा के लिए तत्पर है और इस तरह के आयोजन आगे भी करते रहेंगे एवं उनकी अगुवाई में रक्तदान शिविर का आयोजन कुशल तौर से संपन्न हुआ।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ड्वेन जॉनसन और डैनी गार्सिया की सेवन बक्स ने की वॉल्ट डिज्नी से डील




'द रॉक' के नाम से पहचाने जाने वाले अभिनेता और रेस्लर ड्वेन जॉनसन और फिल्म निर्माता डैनी गार्सिया की कंपनी सेवन बक्स प्रोडक्शंस ने वॉल्ट डिज्नी के साथ एक नया सौदा कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सेवन बक्स प्रोडक्शंस ने थिएटर रिलीज और स्ट्रीमिंग के लिए फिल्में विकसित करने के लिए डिज्नी के साथ डील की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह सौदा कई सालों के लिए किया गया है और कई जानकारियों का सामने आना बाकी है। इस सौदे के जरिए सेवन बक्स प्रोडक्शंस को डिज्नी की सभी डिवीजनों में सहयोग करने का अवसर मिलेगा। साथ ही, इससे ड्वेन जॉनसन को भी फिल्मों में अभिनय करने का मौका मिलेगा। यह पहला मौका नहीं है, जब ड्वेन जॉनसन और डिज्नी साथ में काम करने वाले हैं। इससे पहले दोनों साल 2021 में जंगल क्रूज में साथ मिलकर काम कर चुके हैं। इस फिल्म में एमिली ब्लंट ने भी काम किया था। इसके अलावा ड्वेन डिज्नी+ के लिए 'बिहाइंड द अट्रैक्शन' के दो सीजन में भी काम कर चुके हैं। उन्होंने 'मोआना 2' में माउई के किरदार को भी अपनी आवाज दी हैं। यह फिल्म 27 नवंबर, 2024 को रिलीज होगी।

'मोआना 2' के ट्रेलर ने डिज्नी एनीमेशन के पिछले रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया है। मात्र 24 घंटों में इसे 178 मिलियन (17.8 करोड़) बार देखा जा चुका है। फिल्म का पहला भाग साल 2016 में रिलीज हुआ था। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म ने वर्ल्डवाइड $687 मिलियन (भारतीय मुद्र में 57 अरब) से अधिक की कमाई की थी।

### टॉलीवुड

## समय से पहले पर्दे पर दस्तक देने जा रही जूनियर एनटीआर की 'देवरा'



जूनियर एनटीआर अभिनीत 'देवरा' साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। प्रशंसक इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच निर्माताओं ने प्रशंसकों को बड़ा तोहफा दिया है। 'देवरा' समय से पहले सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। फिल्म पहले 10 अक्तूबर, 2024 को रिलीज होने वाली थी।

गुरुवार को 'देवरा' फिल्म के निर्माताओं ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट कर बताया कि फिल्म समय से पहले सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। 'देवरा' 27 सितंबर को रिलीज हो रही है। निर्माताओं ने इसे पहले 10 अक्तूबर, 2024 को रिलीज करने की योजना बनाई थी। 'देवरा' तटीय भूमि के विरुद्ध स्थापित है और कोराताला शिवा द्वारा संचालित है। इसमें जान्हवी कपूर भी हैं और यह साउथ में उनकी पहली फिल्म है।

'देवरा' जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर का पहला सहयोग भी है। फिल्म में सैफ अली खान भी अहम भूमिका निभाएंगे। इसमें राम्या कृष्णा भी होंगी। इसके अलावा, कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि अभिनेत्री चैत्रा राय स्टारकास्ट में शामिल होंगी। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। 'आरआरआर' की तरह, इस तेलुगु फिल्म में कथित तौर पर हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस होंगे जो दर्शकों के होश उड़ा देंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'देवरा' को भारी भरकम बजट में बनाया जा रहा है। कथित तौर पर निर्माता इसके वीएफएक्स पर 140 करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं। 'देवरा' जूनियर एनटीआर की 30वीं फिल्म भी है। कथित तौर पर, अभिनेता इस फिल्म में पिता और पुत्र दोनों का किरदार पर्दे पर निभाएंगे। इसी साल जनवरी के महीने में जूनियर एनटीआर ने फिल्म का पहला पोस्टर शेयर किया था जिसमें वह समुद्र के बीच नाव पर खड़े नजर आए।

### भोजपुरी

## 'ऐसा पति मुझे दे भगवान' फिल्म के मजेदार ट्रेलर से खुलेंगे सारे भेद



अक्षरा सिंह की भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उनकी फिल्मों और गानों को लेकर फैंस एक्साइटेड रहते हैं। अब उनकी नई भोजपुरी मूवी 'ऐसा पति मुझे दे भगवान' का ट्रेलर शुक्रवार 14 जून को रिलीज किया गया। फिल्म के निर्माता संदीप सिंह और अविनाश रोहरा हैं। डायरेक्टर इश्तियाक शेख बंटी हैं। कहानी अरबिंद तिवारी ने लिखी है। कॉन्सेप्ट संदीप सिंह है और संगीत राजन मिश्रा ने दिया है। इस फिल्म में अक्षरा सिंह के अलावा अंशुमन सिंह राजपूत, अमित शुक्ला, अयाज खान, प्रेम दुबे, विद्या सिंह, ज्योति मिश्रा, पल्लवी खोली हैं। अंशुमन ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'सबको मेरा प्रणाम, बहुत ही गर्व और ख़ुशी मन से ये बात लिख रहा हूं कि ये फ़िल्म 'ऐसा पति मुझे दे भगवान' की एडिटिंग के वक़्त जब मैंने ये फ़िल्म देखी, तभी मैं समझ गया कि फ़िल्म कमाल बनी है।' अंशुमन ने आगे लिखा, 'आप सब लोगों ने मुझे हमेशा हमेशा प्यार दिया है और मेरे काम को प्रोत्साहन किया पर इस फिल्म को लेकर मुझे आप सब से बहुत उम्मीद है। आप सबको बतलाना है कल देख कर कैसा लगा, इसमें अक्षरा जी ने क्या कमाल का काम किया है। मैंने फिल्म के दौरान बहुत कुछ सीखा भी और आगे सीखता रहूंगा। सो थैंक्स अक्षरा सिंह, अमित शुक्ला जी, आयज भाई सभी लोगों ने कमाल काम किया है। इसके डायरेक्टर बंटी शेख जी है। कमाल के निर्देशक जिन्होंने बहुत मेहनत किया है और हमारे प्रोडूसर फिल्म निर्माता, भाई मेरे अभिनाश रोहरा साहब, है ।

लाइफ स्टाइल

## सुपर मॉडल बनाने की राह



मुंबई में हाल ही में हुए लैक्मे फैशन वीक में दर्शकों ने बहुचर्चित मॉडल लक्ष्मी राणा को अनामिका खन्ना, ऋतु कुमार और पायल प्रताप के अलावा अन्य के लिए वॉक करते हुए देखा। तब दर्शकों को यह नहीं मालूम था कि उनके साथ चार मॉडल भी थीं, जिन्हें इन लोगों ने प्रशिक्षित किया था। इन्हें फैशन डिज़ाइन काउंसिल ऑफ़ इंडिया के सहयोग से राणा के अपने वाइल्डरबी टैलेंट कैंप द्वारा आयोजित मॉडल हंट के ज़रिए चुना गया था। 1,500 रजिस्ट्रेशन में से पंद्रह मॉडल को चुना गया, उसके बाद दिल्ली में तीन दिवसीय प्रशिक्षण और पोर्टफोलियो शूट के बाद चारों को चुना गया। ऐसे इन्हें सुपर मॉडल बनाने की राह आसान हुई।

## आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाएंगे ये नोज पिन डिजाइन

महिलाओं की खूबसूरती सिर्फ अच्छे कपड़े, मेकअप या फिर हेयर स्टाइल से नहीं होती है। बल्कि इसके लिए ज्वेलरी की भी जरूरत होती है। इसलिए अक्सर महिलाएं अपने आउटफिट के साथ मैच करके खरीदती हैं। ऐसे ही होते हैं नोज पिन इनमे आपको अलग-अलग डिजाइन मिल जाएंगे। जिन्हें आप ओकेजन के हिसाब से खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। इससे आपका लुक भी कंप्लीट हो जाएगा। साथ ही आप खूबसूरत भी नजर आएंगी।



### फ्लावर वर्क नोज पिन

अगर आप फैंसी डिजाइन की ज्वेलरी स्टाइल करना पसंद करती हैं तो ऐसे में आप फ्लावर वर्क वाली नोज पिन डिजाइन को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके की नोज पिन दिखने में अच्छी लगती है साथ ही पहनने में कंफर्टेबल होती है। ये बिना नोज पियर्सिंग के भी पहनी जाती है। आप चाहे तो इन्हें वेस्टर्न के साथ भी स्टाइल कर सकती हैं वरना एथनिक आउटफिट के साथ भी ये अच्छी लगती हैं। इस तरीके के नोज पिन डिजाइन आपको मार्केट में मिल जाएंगे। जिन्हें आप 200 से 250 की रेंज में खरीद सकती हैं।

### स्टोन वर्क नोज पिन

स्टोन वर्क नोज पिन का फैशन कभी भी आउट नहीं होता है। इसे आप कभी भी पहन सकती हैं। इस तरीके की नोज पिन न सिर्फ पहनने में स्टाइलिश लगती हैं बल्कि ज्यादा हैवी भी नहीं होती हैं। इस नोज पिन को आसानी से डैली वियर में भी स्टाइल किया जा सकता है। इसमें आप हैवी नग वाले नोज पिन डिजाइन भी खरीद सकती हैं और छोटी नोज पिन भी खरीद सकती हैं। मार्केट में आपको इसमें अलग-अलग कलर के साथ डिजाइन मिल जाएंगे।

### मोर डिजाइन नोज पिन

ट्रेडिशनल लुक के लिए हम अलग-अलग तरह की नोज पिन डिजाइन को ट्राई करते हैं। इस बार मोर डिजाइन वाली नोज पिन को स्टाइल करें। इस तरीके की नोज पिन दिखने में काफी क्लासी लगती है साथ ही पहनने के बाद पूरा लुक चेंज कर देती है। आप भी इस तरीके की नोज पिन को पहन सकती हैं। इनकी खास बात ये होती है कि इसमें आपको अलग-अलग डिजाइन मिल जाएंगे। आप इन्हें हैवी वर्क में भी खरीद सकती हैं साथ ही लाइट वर्क में भी ये मिल जाएंगी।

## ईद पर पहनना है अनारकली सूट तो इन लुक्स पर डालें एक नजर



फैशन

ईदुल अजहा यानि बकरीद का त्योहार मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए काफी अहम पर्व माना जाता है। भारत में जिलहिज्ज का चांद दिखने के बाद भारत के कई मुस्लिम धर्मगुरुओं ने 17 जून को ईदुल अजहा मनाने की घोषणा कर दी है। इस दिन की तैयारियां कई-कई दिन पहले से शुरू हो जाती हैं।

इस त्योहार में बकरे की कुर्बानी दी जाती है, यही वजह है कि इसे बकरीद भी कहते हैं। लोग ईदुल अजहा के दिन अपने घरों में कई तरह के पकवान बनाते हैं और साथ-साथ में नए कपड़े भी खरीदते हैं।

पुरुष तो इस दिन कुर्ता और पायजामा पहनते हैं, लेकिन महिलाओं के सामने बड़ी समस्या होती है कि वो क्या पहनें। ईद पर पहनने के लिए अनारकली सूट को सही विकल्प माना जाता है। अगर आप इस बकरीद पर अनारकली सूट पहनने का सोच रही हैं, तो इन अभिनेत्रियों के लुक्स पर एक नजर जरूर डालें। ताकि ईद के दिन आप सबसे खूबसूरत दिखें।



**हिना खान:** आप चाहें तो हिना खान के जैसा शॉर्ट अनारकली सूट और इसके साथ चूड़ीदार पायजामी कैरी कर सकती हैं। ये देखने में भी काफी प्यारी लगती है। बस इसे पहनते वक्त ध्यान रखें कि इसकी फिटिंग सही हो। अगर ये ढीला होगा, तो आपका लुक बिगड़ सकता है।


**अदिति राव हैदरी:** शॉर्ट अनारकली कुर्ते के साथ इस तरह की धोती स्टाइल की पायजामी कैरी करनी है तो अदिति राव हैदरी के लुक पर नजर डालें। पर्पल रंग का ये सूट आपको बाकियों से अलग दिखने में मदद करेगा। इस सूट के साथ दुपट्टे को भी अलग अंदाज में कैरी करें।

**माधुरी दीक्षित:** वैसे तो माधुरी दीक्षित का हर लुक ही खूबसूरत होता है, लेकिन अगर आप चाहें तो उनके अनारकली सूट लुक से टिप्स ले सकती हैं। आगे से स्लिट वाले इस सूट लुक काफी अलग और खूबसूरत है। इस पर ज्यादा वर्क भी नहीं है। ऐसे में आप आराम से इसे कैरी कर सकती हैं।

**संजीदा शेख:** चूड़ीदार पायजामी के साथ इस तरह का घेर वाला अनारकली आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगा। ऐसे में बकरीद के मौके पर संजीदा शेख के जैसा अनारकली सूट पहनकर जलवा बिखेरें। अगर आपको ये रंग नहीं पसंद है तो आप अपनी पसंद के हिसाब से रंग का चयन कर सकती हैं। कृति सेनन अगर कुछ हैवी वर्क वाला पहनने का सोच रही हैं तो आपके लिए कृति सेनन का ये लुक परफेक्ट है। इस तरह के हैवी अनारकली के साथ आप बालों में जूड़ा बना सकती हैं।

## चिलचिलाती धूप से काले पड़ रहे हैं हाथ तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खे

गर्मी के इस मौसम में तेज धूप से हर कोई काफी परेशान रहता है। लोग कोशिश करते हैं, कि वो धूप में बाहर न निकलें, लेकिन किसी न किसी वजह से उन्हें बाहर जाना ही पड़ता है। जिस प्रकार से तेज धूप से शरीर डिहाइड्रेट हो जाता है, ठीक उसी प्रकार से त्वचा पर तेज धूप पड़ने से टैनिंग की समस्या सामने आने लगती है। इस मौसम में चेहरे के बाद सबसे ज्यादा टैनिंग हाथों पर होती है।



**दही और हल्दी :** दही और हल्दी में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा को कई परेशानियों से काफी राहत दिलाते हैं। ऐसे में आप टैनिंग की परेशानी को दूर करने के लिए दही और हल्दी के पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपको कुछ ही समय में राहत मिल जाएगी।

**एलोवेरा :** इस चिलचिलाती गर्मी में एलोवेरा शरीर को ठंडक पहुंचाने का काम करता है। इसके साथ ही ये शरीर की टैनिंग हटाने का काम भी करता है। अगर आप हर रोज एलोवेरा को रात में सोने से पहने हाथों में लगाएंगे, तो आपको टैनिंग से जरूर राहत मिलेगी।


**दही और टमाटर:** टमाटर में पाए जाने तत्व त्वचा को एक्सफोलिएट करते हैं। ऐसे में आधे टमाटर को लेकर उसपर दही लें और फिर इससे हाथों का स्क्रब करें। इससे भी आपको टैनिंग से छुटकारा मिलेगा। ये काफी फायदेमंद रहता है।

**कच्चा दूध:** शरीर के लिए लाभदायक दूध आपकी त्वचा को भी कई परेशानियों से बचा सकता है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस कच्चे दूध में हल्दी और नींबू मिलाकर इसका पेस्ट तैयार करना है। इस पेस्ट को टैनिंग प्रभावित त्वचा पर लगाएं। इससे आपको कुछ ही समय में राहत मिलेगी।

## ब्लाउज को आकर्षक लुक देने के लिए शोल्डर पर बनवाए जा सकते हैं खास डिजाइंस

अपने लुक को खास बनाने के लिए हम क्या-कुछ नहीं करते हैं और इसके लिए आपको ऑनलाइन भी कई डिजाइन आसानी से मिल जाएंगी। वहीं साड़ी का चलन हमेशा फैशन ट्रेंड में रहता है और साड़ी को आकर्षक लुक देने के लिए ब्लाउज का डिजाइन चुनना बेहद जरूरी होता है। हालांकि ब्लाउज के आपको कई तरीके के डिजाइन और पैटर्न मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप अपने लुक को स्टेटमेंट देना चाहती हैं तो शोल्डर पर भी अपनी पसंद का डिजाइन बनवा सकती हैं। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं ब्लाउज के शोल्डर के लिए कुछ आकर्षक और लेटेस्ट डिजाइंस, जिन्हें आप आसानी से स्टाइल कर अपने लुक को खास बना सकती हैं।

**शोल्डर फ्रिल डिजाइन ब्लाउज :** आजकल फ्रिल का चलन फैशन ट्रेंड में काफी नजर आ रहा है। वहीं इसके कई डिजाइन भी आपको आसानी से देखने को मिल जाएंगे। बता दें कि आप एक से ज्यादा लेयर की मदद लेकर भी हैवी लुक वाला फ्रिल डिजाइन अपने कंधे पर बनवा सकती हैं। **पतली बाजू के लिए:** अगर आपकी बाजू पतली है और आप इन्हें आकर्षक और बल्की लुक देना चाहती हैं तो इस तरह का डिजाइन आप स्लीव्स और शोल्डर के लिए चुन सकती हैं। इसमें आपको बैलून से लेकर और भी कई डिजाइन आसानी से देखने को मिल जाएंगे। **चैन स्टाइल ब्लाउज शोल्डर डिजाइन :** अगर आपका ब्लाउज स्लीवलेस है या आप किसी पुराने ब्लाउज को ही कस्टमाइज करने का सोच रही हैं तो शोल्डर को स्टेटमेंट लुक देने के लिए इस तरह से मल्टी-लेयर चैन लगा सकती हैं। इसमें आपको बीड्स से लेकर पर्ल्स में कई डिजाइन आसानी से मिल जाएंगे।



**कट वर्क डिजाइन ब्लाउज :** इस तरह का डिजाइन एवरग्रीन चलन में रहता है। वहीं अगर आप सेमी फुल स्लीव्स पहनना पसंद करती हैं ।

कार्नर न्यूज

## स्टाइलिश दिखने की चाह में हेयर स्टाइल पर ध्यान देना जरूरी

# सबसे अलग हट कर दिखना है तो इन तरीकों से बदलें अपनी हेयर स्टाइल

हर इंसान का सपना होता है कि वो कूल ड्यूड दिखे। जब भी वो गलियों में निकले लोग आपकी स्टाइल के बारे में डिस्कस करें। किसे अच्छा नहीं लगता है कि, अचानक भरी मीटिंग में आपकी ओर गौर से देखते हुए बॉस कहें कि, नाइस लुकिंग! ये सब सपने जैसा लगता जरूर है लेकिन क्या वाकई कोई ऐसा तरीका नहीं है जिससे ये सब अचीव किया जा सके। ये इतना भी ज्यादा नहीं है कि इसकी उम्मीद लाइफ में न की जा सके।




रियल लाइफ में कई बार वाकई लोगों के पास इतना समय नहीं होता है कि हेयर स्टाइल जैसी चीजों को मेंटेन रखने के लिए एक्स्ट्रा टाइम निकाल सकें। खासतौर पर जब आप दिमाग को खपा देने वाली कॉरपोरेट जॉब में हों। इसलिए, आपको ऐसे कुछ तरीके के बारे में जानकारी देंगे जिनकी मदद से आप आसानी से हेयर स्टाइल को चेंज कर सकते हैं। इससे न सिर्फ नया लुक मिलता है बल्कि आत्मविश्वास को भी बूस्ट करने में मदद मिलती है।

**हेयर स्टाइल बदलना क्यों जरूरी है? :** बालों में ये ताकत होती है कि, ये आपके लुक को बनाने या इमेज को ब्रेक करने की क्षमता रखते हैं। कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपका पहनावा कितना फैंसी और फैशनेबल है, आप तब तक स्टाइलिश और कंप्लीट नहीं दिखेंगे जब तक कि आपके बाल स्टाइलिश न हो जाएं।


**हेयर स्टाइल को कैसे चेंज करें? :** हेयर स्टाइल को पूरी तरह से चेंज करना इतना भी कठिन नहीं है। जरूरत है तो सिर्फ थोड़ी सी चीजों को चेंज करने की।

**बालों में फ्रिंज बनवाएं:** 90 के दशक में पुरुषों के बीच फ्रिंज हेयर स्टाइल काफी लोकप्रिय हुआ करती थी। बाद में इस ट्रेंड की जगह पोम्पाडोर और क्विफ जैसी हेयर स्टाइल ने ले ली। लेकिन ऐसा नहीं है कि, फ्रिंज हेयर स्टाइल का जलवा खत्म हुआ और इसके दिन चुक गए हों। ये हेयर स्टाइल आज भी उतना ही जवान है, जितना पहले किसी और दौर में था। आज भी युवा पूरे शौक के साथ इस हेयर स्टाइल को अपना रहे हैं। लेकिन आज इस हेयर स्टाइल के पहले से कहीं ज्यादा वेरिएशन भी मौजूद हैं।



16- JUN-Jash-CORIYA-RAG-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 6/16/2024 7:42 PM Page 1





# नई फिल्म के लिए रणवीर को बढ़ाना पड़ रहा है 15 किलो वजन

**मुंबई।** रणवीर सिंह अपने आगामी प्रोजेक्ट को लेकर तैयारी में जुटे हैं और अभिनेता अपने शारीरिक बदलाव पर काम कर रहे हैं। इस बात का दावा लेखिका शोभा डे ने अपने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में किया है। उन्होंने रणवीर के साथ एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि वह अपने आगामी प्रोजेक्ट के लिए वजन बढ़ा रहे हैं। लेखिका शोभा डे ने रणवीर सिंह से एक कैफे में मिलने के बाद कुछ तस्वीरें साझा की।तस्वीरें साझा करते हुए शोभा ने लिखा, 'अलीबाग के हमारे पसंदीदा कैफे में चौंकाने वाली मुलाकात, सेल्फी किंग रणवीर पिता बनने से पहले बहुत जरूरी समय बिता रहे हैं। उन्हें अपने नए प्रोजेक्ट के लिए 15 किलो वजन बढ़ाने की जरूरत है। हमेशा की तरह आकर्षक, सहज और हमेशा विनम्र।

## लाइफ Style



# स्वरा

## 'कम से कम जीवित तो हैं...'

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री से सांसद बनीं कंगना रणौत को हाल ही में चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ ने थप्पड़ मार दिया था, जिसके बाद कंगना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी सामने आया इस मामले में लोग अपनी - अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

हाल ही में स्वरा भास्कर ने भी इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि हिंसा का सहारा लेना अक्षम्य है और ऐसा नहीं होना चाहिए। साथ ही कहा कि चलो कंगना को थप्पड़ ही पड़ा है, वो जिंदा तो हैं। अपने बेबाक बयानों के लिए पहचानी जाने वाली अभिनेत्री स्वरा भास्कर ने कहा, 'कोई भी समझदार व्यक्ति यही कहेगा कि कंगना के साथ जो कुछ भी हुआ वह गलत था। कोई भी ऐसा नहीं है जो कंगना के साथ हुई हिंसा या मारपीट को सही ठहराएगा।' अभिनेत्री ने कहा, 'हां, कंगना के साथ जो हुआ वह गलत था और ऐसा नहीं होना चाहिए था। किसी पर भी हमला करना सही नहीं है। लोग कंगना के दक्षिणपंथी समर्थकों से यही कह रहे थे कि उन्हें इस बारे में नहीं बोलना चाहिए, क्योंकि वह वही लोग हैं, जो लिंचिंग को सही ठहराती हैं।' स्वरा ने आगे कहा, 'कंगना को सिर्फ थप्पड़ पड़ा है और ऐसा भी नहीं होना चाहिए था। मगर कम से कम वह जिंदा हैं। उनकी सुरक्षा उसके आसपास है। इस देश में लोगों की जान गई है, उन्हें पीट-पीट कर मार डाला गया है, ट्रेन में सुरक्षाकर्मियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई है, दंगों में सुरक्षाकर्मियों को लोगों की पिटाई करते हुए रिकॉर्ड किया गया है।'

## हॉलीवुड मसाला



# डेडपूल एंड... कमाई को तैयार

**लॉस एंजिलिस।** रिपोर्ट्स के मुताबिक डिज्नी/ मार्वल स्टूडियोज की फिल्म डेडपूल एंड वूल्वरिन पहले सप्ताहांत में 20 करोड़ डॉलर से 23.9 करोड़ डॉलर तक के बीच कमाई कर सकती है। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म की कमाई का यह अनुमान द कोरम ने लगाया है जो छह सप्ताह पहले से ही फिल्म की ट्रैकिंग शुरू कर देता है। द कोरम के यह आंकड़े वाकई हैरान कर देने वाले हैं, क्योंकि कोई भी आर-रेटेड फिल्म ने अब तक पहले वीकएंड में 20 करोड़ डॉलर की कमाई नहीं की है।



# 'ब्लू बीटल' की कहानी का अब ओटीटी विस्तार

**लॉस एंजिलिस।** फिल्म 'ब्लू बीटल' के दीवानों के लिए बड़ी खबर आ रही है। सूत्रों की मानें तो वार्नर ब्रदर्स एनीमेशन और डीसी स्टूडियो इस फिल्म को एक कॉमिक चरित्र पर आधारित एक एनिमेटेड सीरीज के रूप में इसे विकसित करने जा रहे हैं। एंजेल मैनुअल सोटो के निर्देशन में बनने जा रहे इस शो को गैरेथ डननेट अल्कोसर लिखने वाले हैं। आइए आपको बताते है इस एनिमेटेड सीरीज में क्या खास होने वाला है। फिल्म 'ब्लू बीटल' डीसी कॉमिक बुक पर आधारित फिल्म है। इस फिल्म को दर्शको ने काफी प्यार दिया था। इस फिल्म की कहानी जैमी रेयेस के इर्द -गिर्द घूमती है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो तो सीरीज की कहानी फिल्म की कहानी से अलग होने वाली है।



# डिप्रेशन की समस्या से गुजर चुकी हैं...

**मुंबई।** ऋतिक रोशन की चचेरी बहन पश्मीना रोशन अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। उनकी पहली फिल्म का नाम 'इश्क विश्क रिबाउंड' है। इन दिनों वह फिल्म का जोर शोर से प्रचार कर रही हैं। इस बीच एक साक्षात्कार में उन्होंने अपने मानसिक स्वास्थ्य और अपनी पहली फिल्म को लेकर खुलकर बात की। हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान पश्मीना रोशन ने खुलासा किया कि वह कुछ वर्ष पहले डिप्रेशन की समस्या से जूझ रही थीं। वह इस बात को लेकर भ्रमित थीं कि वह अच्छी अभिनेत्री बन सकती हैं या नहीं। डिप्रेशन के दौरान वह केवल दोपहर में सोती थीं। पश्मीना ने साझा किया कि वह स्कूल में थिएटर ग्रुप का हिस्सा थीं, लेकिन उस समय उन्हें यह नहीं पता था कि आगे उन्हें इस क्षेत्र में करियर बनाना है।



# फैंस ने पूछा- क्या है राजकुमारी का नाम

**नई दिल्ली।** वरुण धवन इस समय अपनी जिंदगी के सबसे बेहतरीन दौर से गुजर रहे हैं। कुछ हफ्ते पहले ही उन्होंने अपनी बेटी का स्वागत किया है और ऐसा लग रहा है कि अभिनेता अपना ज्यादातर समय अपनी नन्ही राजकुमारी के साथ बिता रहे हैं। इसके बाद से एक्टर सोशल मीडिया पर थोड़ा कम एक्टिव हो गए हैं। फैंस बेबी धवन को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जब एक्टर ने कुछ तस्वीरें शेयर कीं तो फैंस नए पापा की तारीफ करने लगे और उनकी बच्ची की तस्वीरें मांगने लगे। एक फैंस ने वरुण से पूछा, राजकुमारी का नाम क्या रखा है? एक फैन ने लिखा, 'वरुण, हमें अपनी राजकुमारी की पहली तस्वीर कब मिलेगी?' दूसरे प्रशंसक ने पूछा, 'बच्ची कैसी है'। एक अन्य प्रशंसक ने यह भी पूछा, 'क्या जॉय अपनी छोटी बहन से मिला?"

## टीवी मसाला



# 'बालिका वधू शो से पता चला पीरियड्स के बारे में'

**नई दिल्ली।** टीवी इंडस्ट्री की 'बालिका वधू' अविका गौर ने बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर लिया है। अभिनेत्री ने कृष्णा भट्ट की फिल्म '1920 हॉरर्स ऑफ द हार्ट' से बतौर लीड एक्ट्रेस हिंदी सिनेमा में अपने करियर की शुरुआत की है। अभिनेत्री टीवी के शो 'बालिका वधू' से मशहूर हुईं। यह शो बाल विवाह की अवधारणा पर आधारित था और बेहद सफल रहा। बालिका वधू ने कई सामाजिक मानदंडों पर भी प्रकाश डाला और दर्शकों के बीच जागरूकता फैलाने में मदद की। हाल ही में, एक साक्षात्कार में, अविका ने अपने शो की शूटिंग के दौरान मासिक धर्म के बारे में जानने के बारे में बताया। शो में अपने कार्यकाल के दौरान 12 साल की उम्र में अभिनेत्री ने ऐसे एपिसोड की शूटिंग की, जिसमें उनकी आनंदी पहली बार मासिक धर्म शुरू करती है और अपने माता-पिता के बजाय अपने ससुराल वालों के साथ रहती है। अविका के लिए इस सीन को शूट करने में कोई परेशानी नहीं हुई। अभिनेत्री इसका श्रेय अपनी मां को दिया। उन एपिसोड की शूटिंग के दौरान पर्दे के पीछे क्या हुआ, इसका खुलासा करते हुए, अविका ने बताया कि उनके निर्देशक ने उनसे पूछा कि क्या उन्हें पता है कि पीरियड्स क्या होते हैं।

# रामायण का वो सीन, जिसको शूट करना नहीं था आसान...

**नई दिल्ली।** रामानंद सागर की रामायण पहली बार दूरदर्शन पर 1987 में प्रसारित हुई थी। उस दौर में इसे दर्शकों के बीच खूब प्यार मिला था। 2020 में रामायण फिर टीवी पर आई और इस शो की टीआरपी ने बड़ा इतिहास रचते हुए दर्शकों के मामले में वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया। रामायण में 'लक्ष्मण' का रोल निभाने वाले सुनील लहरी ने रामायण से जुड़े कई किस्सों के बारे में मजेदार बातें सोशल मीडिया पर शेयर की थीं। उन्होंने एक ऐसे किस्से का जिक्र किया है, जिसके शूट के दौरान रामायण की पूरी कास्ट के साथ रामानंद सागर भी खूब रोए थे। ये किस्सा तब का है, जब राम के वनवास जाने के बाद राजा दशरथ का निधन हो गया था। उन्होंने बताया था कि इस एपिसोड को शूट करते हुए सभी लोग भावुक होकर रोने लगे थे।



# बनना था हीरोइन, बन गई विलेन

## राजेश की फिल्म से रातों-रात बनी स्टार

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन, राजेश खन्ना, अनुपम खेर और जितेंद्र जैसे स्टार के साथ काम कर चुकीं वो एक्ट्रेस जिनके पिता उन्हें डॉक्टर बनाना चाहते थे। लेकिन वह मां को देखते हुए एक्ट्रेस बन गईं। आई तो फिल्मों में हीरोइन बनने थी, लेकिन इंडस्ट्री ने उन्हें विलेन बना दिया। 90 के दशक में तो वह हर फिल्म में नेगेटिव सास के रोल में नजर आने लगी थीं। राजेश खन्ना और आशा पारेख की फिल्म से पहचान बनाने वाली वो एक्ट्रेस अपने दौर में अपने नेगेटिव रोल के साथ-साथ अपने जबरदस्त डांस के लिए भी पहचानी जाती थीं। फिल्मों में विलेन के किरदार निभाकर खूब वाहवाही लूटी थी। साल 1962 से एक्टिंग करियर की शुरुआत करने वाली इस एक्ट्रेस के साथ करियर की शुरुआत में बहुत भेदभाव किया गया था। ये खुलासा सालों बाद खुद दिग्गज एक्ट्रेस ने किया था। इंडस्ट्री की वो टैलेंटेड एक्ट्रेस बिंदू हैं। अपने करियर में उन्होंने सिनेमा की दुनिया के जाने माने विलेन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर फिल्मों में कड़ी टक्कर दी है। लेकिन, पर्सनल लाइफ में उन्हें मां बनने का सुख कभी नसीब नहीं हो सका। बिंदू को बाली उम्र में ही अपने पड़ोसी चंपक लाल जावेरी से प्यार हो गया था। दोनों ही एक-दूसरे पर दिल हार बैठे थे। बिंदू ने 18 साल की उम्र में ही उनसे शादी रचा ली थी। दोनों में 5 साल का अंतर था। अपने एक इंटरव्यू एक्ट्रेस ने बताया था कि दोनों के फैमिली शादी के लिए तैयार नहीं थी। बिंदू इंडस्ट्री में हीरोइन बनने का सपना लेकर आई थी।



# जब बॉक्स ऑफिस पर भिड़े थे आमिर-सनी रेस में आगे निकली थी गदरः एक प्रेम कथा

**मुंबई।** वर्ष 2001 था और जून के महीने में सिनेमा के शौकीनों को दो फिल्मों को तोहफा मिला था। आमिर खान 'लगान' लेकर आए थे तो सनी देओल 'गदर'। 15 जून को दोनों फिल्में एक साथ रिलीज हुई थीं। दोनों पर दर्शकों का प्यार बरसा था। दोनों फिल्मों की कहानी, स्टारकास्ट और गाने सबकुछ अपने आप में खास थे। लेकिन आमिर और सनी देओल के बीच बॉक्स ऑफिस महामुकाबले में किंग कौन बना था?

### गदर देखने उमड़ी थी भीड़



अनिल शर्मा निर्देशित फिल्म 'गदर' में सनी देओल के साथ अमीषा पटेल मुख्य भूमिका में नजर आई थीं। तारा सिंह और सकीना की लव स्टोरी के साथ-साथ इसमें हिंदुस्तान के विभाजन की त्रासदी को दिखाया गया। फिल्म के गाने सुपरहिट हुए। डायलॉग तो ऐसे चले कि आज तक बोले जाते हैं। फिल्म में सनी देओल का हैंडपंप उखाड़ने वाला सीन आइकॉनिक बन गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक गदर एक प्रेमकथा का पहला शो सुबह छह बजे से शुरू किया गया था। सनी देओल के फैंस की भीड़ सिनेमाघरों में उमड़ पड़ी थी। उस वक्त वीसीआर का दौर था।

### टैक्स फ्री कर दी गई थी लगान



आमिर खान की लगान का निर्देशन आशुतोष गोवारिकर ने किया था। फिल्म का निर्माण खुद आमिर खान और रीना दत्ता ने किया। 'लगान' फिल्म के साथ आमिर ने बतौर निर्माता बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत की थी। लगान फिल्म को भारत में टैक्स फ्री कर दिया गया। ये फिल्म भारत की तरफ से ऑस्कर में फोरेन लैंग्वेज की कैटेगरी में शॉर्टलिस्ट हुई थी। हालांकि फिल्म को अवॉर्ड नहीं मिल पाया था। इस फिल्म में आमिर खान के साथ ग्रेसी सिंह नजर आई थीं।

### बॉक्स ऑफिस पर कैसा रहा प्रदर्शन?

रिपोर्ट्स के मुताबिक गदरः एक प्रेम कथा का बजट करीब 18 करोड़ रुपए था। गदर फिल्म का इंडिया नेट कलेक्शन करीब 76.65 करोड़ रुपए रहा। वहीं, वर्ल्डवाइड कारोबार 132.60 करोड़ था। आमिर की लगान का बजट गदर से ज्यादा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक लगान को करीब 25 करोड़ रुपए में बनाया गया था। कमाई की बात करें तो इसका इंडिया नेट कलेक्शन 34.35 करोड़ रुपए रहा था। वहीं, वर्ल्डवाइड इसने 58.05 करोड़ रुपए कमाए। यानि रेस में सनी देओल की फिल्म आगे रही थी।

## इरफान को क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म 'इंटरस्टैलर' में काम करने का मौका मिला था

# हॉलीवुड फिल्मों का ऑफर ठुकरा चुके हैं ये कलाकार, दो ने जीता था ऑस्कर

**नई दिल्ली।** किसी एक इंडस्ट्री के फिल्म कलाकारों के लिए दूसरी इंडस्ट्री में काम करना एकदम नया अनुभव होता है। लगभग सभी की इच्छा भी होती है कि वो अपनी इंडस्ट्री से बाहर भी काम करें। कई बार तो मौका मिलते ही बात भी बन जाती है, लेकिन कई बार किसी न किसी वजह से काम हाथ से निकल जाता है या फिर खुद ही अपने हाथ पीछे खींचने पड़ते हैं। शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण, इरफान खान और ऋतिक रोशन ऐसे कलाकार हैं, जिन्हें एक बार हॉलीवुड से आए ऑफर को ठुकरा दिया था।

*बॉलीवुड के कई कलाकार हॉलीवुड की फिल्मों में काम कर चुके हैं। इस सूची में प्रियंका चोपड़ा, ऐश्वर्या राय, अमिताभ बच्चन, नसीरुद्दीन शाह, अनिल कपूर, दीपिका पादुकोण और अनुपम खेर समेत कई सितारों के नाम शामिल हैं।*



**शाहरुख खान :** साल 2008 में रिलीज हुई फिल्म 'स्लमडॉग मिलेनियर' ने खूब सुर्खियां बटोरी थी। इस फिल्म ने आठ ऑस्कर अवॉर्ड जीते थे। फिल्म में देव पटेल और फ्रीडा पिंटो ने मुख्य भूमिका निभाई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शाहरुख खान को इस फिल्म में काम करने का ऑफर मिला था। उन्हें फिल्म में 'कौन बनेगा करोड़पति' शो के होस्ट प्रेम कुमार का रोल मिला था, जिसे करने से उन्होंने मना कर दिया था। बाद में इस किरदार को अनिल कपूर ने निभाया था।



**इरफान खान :** हॉलीवुड फिल्म 'लाइफ ऑफ पाई', 'अमेजिंग स्पाइडरमैन' और 'इंफर्नो' में काम करने वाले इरफान खान ने भी एक बार एक हॉलीवुड फिल्म में काम करने से मना कर दिया था। उन्हें क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म 'इंटरस्टैलर' में काम करने का मौका मिला था। उन्हें मैट डमोन द्वारा निभाए गए किरदार के लिए अप्रोच किया गया था। यह फिल्म साल 2014 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बेस्ट विजुअल इफैक्ट्स का ऑस्कर अवॉर्ड जीता था।



**ऋतिक रोशन :** इस साल की शुरूआत में 'फाइटर' फिल्म से बॉक्स ऑफिस पर महफिल लूटने वाले ऋतिक रोशन भी हॉलीवुड की एक फिल्म में काम करने से इनकार कर चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें 'पिंक पैंथर 2' में काम करने का ऑफर मिला था, लेकिन अपनी व्यस्तता के चलते वो इस फिल्म में काम नहीं कर पाए थे।

**दीपिका पादुकोण :** दीपिका पादुकोण को भी हॉलीवुड की फ्रेंचाइजी फिल्म 'फास्ट एंड फ्यूरियस' के सातवें भाग में काम करने का ऑफर मिला था, लेकिन दीपिका इसमें काम नहीं काम कर पाई थीं। इसके पीछे की वजह यह थी कि उन दिनों दीपिका 'गोलियों की रासलीला रामलीला' और 'हैप्पी न्यू ईयर' में व्यस्त थीं। बता दें कि दीपिका ने विन डीजल की फिल्म 'एक्सएक्सएक्सः द रिटर्न ऑफ जेंडर' से अपना हॉलीवुड डेब्यू किया था।



## खबर संक्षेप

### डाकघर के संभागीय कार्यालय में रक्तदान

**रायगढ़।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर कार्यालय अधीक्षक डाकघर रायगढ़ द्वारा संभागीय कार्यालय कोतरा रोड, रायगढ़ में सेवा ब्लड बैंक एवं चिकित्सक टीम रायगढ़ के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नरेन्द्र कुमार राजपाल अधीक्षक डाकघर रायगढ़ संभाग द्वारा किया गया। इस दौरान छबिलाल पटेल, सुमन एक्का, मोहम्मद नियाजुद्दीन, रमेश कुमार देवांगन तथा संभागीय कार्यालय व प्रधान डाकघर रायगढ़ के कर्मचारीगणों ने रक्तदान किया। इस दौरान सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में डाक सुविधा का लाभ लेने के लिए पहुंचे ग्राहकों को भी जागरूक किया गया।

### पूर्व पेंशन लंबित न होने प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें

**रायगढ़।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी रायगढ़ ने समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को सूचित करते हुए कहा कि माह जून 2024 का वेतन देयक संबंधित कार्यालय प्रमुख से पेंशन प्रकरण लंबित नहीं होने का प्रमाण पत्र निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त होने पर ही कार्यालय प्रमुख का वेतन पारित किया जाएगा। उक्त जानकारी एमएसएक्सेल में तैयार कर सॉफ्टकापी एवं हार्डकापी में वरिष्ठ कोषालय कार्यालय रायगढ़ में उपलब्ध करायें। जिससे वांछित जानकारी संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन बिलासपुर को प्रेषित किया जा सके।

### लाइफस्टाइल पर शुरू सीजन की बड़ी सेल

**रायगढ़।** भारत के अग्रणी फैशन डेस्टिनेशंस में से एक लाईफस्टाईल पर सीजन की सबसे बड़ी सेल शुरू इस सेल में शपर्स को टप फैशन ब्रांड्स के लेटेस्ट स्टाईल्स पर 50 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। प्रमुख नेशनल और इंटरनेशनल ब्रांड्स के लेटेस्ट ट्रेंड्स और फैशन विकल्पों के विशाल कलेक्शन के साथ इस लाईफस्टाईल सेल में फैशन प्रेमियों को अपनी वर्डरोब के लिए अनेकों विकल्प मिलेंगे। इस लाईफस्टाईल कलेक्शन में स्प्रिंग समर के सर्वश्रेष्ठ परिधान शामिल हैं जिनमें फ्लोरल प्रिंट्स और पैस्टल ह्यू का आधिक्य है। इसके स्टाईलिश संग्रह में महिलाओं के लिए ट्रेंडिंग शिफली और क्रोशे ड्रेसए विंटेज ब्लूम को अर्ड सेट स्टाईलिश डेनिम ट्रेंड्स और पुरुषों के लिए प्रिंटेड शर्ट की विशाल श्रृंखला, अल न्यू लूज फिट पैंट एवं आकर्षक टी शर्ट बेहतरीन डिस्काउंट के साथ मिल रहे हैं। यहाँ आकर फैशनप्रेमियों को गर्मी में भी अपना कूल लुक बनाए रखने का तरीका मिलेगा। लाईफस्टाईल की सेल में ट्रेंड सेटर 100 से ज्यादा नेशनल और इंटरनेशनल ब्रांड्स के नए ट्रेंड्स की शपिंग करने का बेहतरीन अवसर पाएंगे। इन ब्रांड्स में मेलांज, जिंजर, फोरका, कोड, एंड, बीबा, ग्लोबल देसी, जैक एंड जोन्स, इंडियन टेरेन, लरिआल आदि शामिल हैं।

### देश को खिलौना का हब बनाने की तैयारी

**रायगढ़।** खिलौना निर्यात हब के रूप में भारत की स्थिति को सुदृढ़ करने के लक्ष्य को मजबूती देते हुए भारत के घरेलू ईकॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग से हाथ मिलाया है। फ्लिपकार्ट ने डीपीआईआईटी के साथ मिलकर वैश्विक स्तर पर खिलौना आपूर्ति उद्योग में भारत की स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य के साथ कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में घरेलू विनिर्माताओं के कौशल विकास पर जोर दिया गया, जिससे वे भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतिनिधित्व करने वाले इनोवेटिव एवं उच्च गुणवत्ता के खिलौने बनाने में सक्षम हो सकें। खिलौनों के मामले में भारत को वैश्विक विनिर्माण हब बनाने के लक्ष्य के साथ सरकार ने कई रणनीतिक पहल की हैं। नेशनल एक्शन प्लान फॉर ट्वायज एनएपीटी के रूप में व्यापक नीति तैयार करना इसी दिशा में एक पहल है। एनएपीटी के तहत मुख्य पहल का उद्देश्य गुणवत्ता में सुधार, नवोन्मे और बाजार में विस्तार के माध्यम से भारतीय खिलौना उद्योग को नई ऊंचाई पर पहुंचाना है।

### धरमजयगढ़ थाने में दर्ज हुई शिकायत

# फेसबुक पर शेयर बाजार में मुनाफे का लालच देकर 41 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




जिले में शेयर बाजार में पैसा लगाकर मुनाफा कमाने के फेर में एक शख्स 41 लाख रुपए से अधिक की ठगी का शिकार हुआ है। एक फेसबुक लिंक के जरिए पीड़ित का परिचय आरोपियों से हुआ। जिसके बाद शेयर मार्केट से लाभ लेने के लिए पीड़ित ने धीरे धीरे कर 41 लाख से अधिक रुपए गवां दिए। स्थानीय पुलिस की प्राथमिक जांच में कथित शेयर मार्केट फर्जी निकला है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक इस मामले में एक आरोपी ने विदेश से इस पूरे फ्रॉड को अंजाम दिया है। स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस मामले में आरोपियों में से एक का नंबर विदेशी पाया गया है। लाखों रुपए की धोखाधड़ी के इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ़ आईपीसी की धारा 34 एवं धारा 420 का मामला दर्ज कर आगे की तफ्तीश शुरू कर दी है। यह सनसनीखेज मामला जिले के धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सामने आया है। इस मामले के बारे में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय निवासी आनंद अग्रवाल नामक एक व्यक्ति ने कथित तौर पर फेसबुक पर उपलब्ध एक लिंक से शेयर मार्केट में पैसा लगाया। उस पर करीब 32 लाख खपाने के बाद पीड़ित ने फेसबुक पर उपलब्ध एक अन्य कथित शेयर मार्केट लिंक पर जाकर फिर से लाखों रुपए लगा दिए। अधिकारी ने बताया कि ट्रेस करने पर पता चला है कि आरोपी ने विदेश से इस कांड को अंजाम दिया है।

पीड़ित के अकाउंट में करोड़ों का इनकम दिख रहा है लेकिन उसे निकालने के लिए आरोपियों द्वारा 60 लाख रुपए और जमा करने की बात कही जा रही है। अब जाकर प्रार्थी को अपने ठगे जाने का अहसास हुआ है। जिसके बाद उसने पुलिस को इस मामले की सूचना दी है।

**क्राइम ब्रांच करेगी जांच : अधिकारी**

इस संबंध में धरमजयगढ़ थाना प्रभारी कमला पुसाम ने बताया कि कुल मिलाकर 41 लाख रुपए से अधिक की धोखाधड़ी हुई है। दो अलग अलग फर्जी लिंक से इस वारदात की कड़ी जुड़ रही है। उन्होने बताया कि जांच में आरोपी का नंबर विदेशी पाया गया है। अधिकारी ने बताया कि इस मामले को आगे साइबर क्राइम ब्रांच हैंडल करेगी।

## जनरेटर बेचने की फर्जी पोस्ट शेयर कर 20 हजार की ठगी



जिला सक्ती निवासी शैलेंद्र कुमार कुर्रे द्वारा व्हाटसएप ग्रुप में जनरेटर बेचने के नाम पर फेक पोस्ट शेयर कर खरसिया के लीलेश कुमार पटेल के साथ 20 हजार रूपये की ठगी की गई। लीलेश पटेल की शिकायत पर खरसिया पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते आरोपी शैलेंद्र कुमार कुर्रे को धोखाधड़ी के अपराध में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। ठगी को लेकर कल थाना खरसिया में पीड़ति लीलेश कुमार पटेल पिता लखन लाल पटेल उम्र 35 वर्ष निवासी चपले द्वारा आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि किसी व्यक्ति द्वारा रायगढ़ डी जे वालो का वाटसअप ग्रुप बनाया है जिसमे पिछले 8 माह से जुडा है। 23 मई को शैलेंद्र कुर्रे दवारा ग्रुप में एक जनरेटर का फोटो शेयर कर बेचने का जिक्र किया गया था। जनरेटर खरीदी की इच्छा जाहिर कर शैलेन्द्र से संपर्क किया जो अपने आप को शिवरीनारायण का रहने वाला बताया, जनरेटर का सौदा 60 हजार रुपए में तय हुआ जिसे लेने शैलेन्द्र शिवरीनारायण बुलाया और 20 हजार रुपए एडवांस ट्रांजेक्शन से बैंक खाते में प्राप्त कर लिया। जब लीलेश जनरेटर लेने शिवरीनारायण गया तो 4.5 घंटे, शैलेन्द्र इधर उधर गलत पते पर भटकाते रहा और फिर अपना मोबाईल स्वीच आफ कर लिया।



## नौघटा में 30 लाख के कार्यों का ओपी ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के मुख्य आतिथ्य और कलेक्टर धर्मेश साहू की उपस्थिति में बरमकेला ब्लॉक के ग्राम पंचायत नवघटा में 30 लाख के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण किया गया, जिसमें लाइब्रेरी भवन निर्माण, बाजार रोड निर्माण सह कांक्रीटीकरण, तालाब सौंदर्यीकरण आदि शामिल है। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जगन्नाथ पाणिग्रही एवं विजय अग्रवाल सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में ओपी चौधरी ने निर्माण कार्यो का पूजा अर्चना के साथ फीता काटा गया। नवघटा के ग्रामीण मंत्री ओपी चौधरी को अपने बीच पाकर गदगद हुए।

इस कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि शिक्षा के महत्व को समझना जरूरी है। बच्चों को समझाना जरूरी है। साथ ही ये माता पिता को भी समझना जरूरी है। अपने बच्चे को अच्छी शिक्षा देंगे तो एक नहीं सैकड़ों ये ओपी चौधरीए कलेक्टर, एसपी, डॉक्टर, इंजीनियर, मंत्री बनेंगे। हम लोगों को ही यह करना है। महिलाओं को उन्होंने कहा कि दीदी और बहनों को विशेष रूप से निवेदन करना चाहता हूं कि अपने बच्चे को जरूर पढ़ाएं। श्री चौधरी ने कहा कि युवा डायनेमिक सरपंच को भी मैं विशेष रूप से बधाई और शुभकामना देता हूं इतना अच्छा काम उन्होंने हमारी सरकार बनने के बाद 6 महीने की भीतर करके दिखाया है। हमने स्वीकृत किया था। उसकी क्वालिटी के साथ उन्होंने जल्दी पूर्ण किया है। सरकार चाहती है कि नौघटा सरपंच गजपति डनसेना जैसा हर कोई विकास कार्य करके आगे बढे। इसके लिए कोई कमीशन देने की आवश्यकता नहीं है। हम पूरी ईमानदारी से प्रयास करेंगे तो क्षेत्र का विकास होना निश्चित है।समय पर पूर्ण किया है और क्वालिटी के साथ पूरा किया है। इसके लिए भी मैं उनको बधाई देता हूं। नौघटा से पिहरा की सड़क के लिए 4 करोड़ स्वीकृति किया गया है जिससे एक साल के भीतर उसका भी लोकार्पण आप सभी की उपस्थिति में किया जाएगा।

राज्य सरकार ने 31 सौ रूपये में धान खरीदने का वायदा को तीन महीने में पूर्ण कर लिया। साथ ही माता बहनों को महतारी वंदन योजना के माध्यम से उन्हें मजबूत करने में लगा है। इस अवसर पर एस डी एम अनिकेत साहू, पंचायत अधिकारी हरिशंकर चौहान, सीएमएचओ अवधेश पाणिग्राही, तहसीलदार शनि पैकरा एवं अन्य प्रशासनिक अमला मौजूद रहे। परदेशी प्रधान, राधामोहन पाणिग्राही, कैलाश पण्डाएजिला पंचायत सदस्य कैलाश नायक, जुगल किशोर अग्रवाल, मुरारी नायक एस्वप्निल स्वर्णकार अरुण सराफ, सरपंच गजपति डनसेना, दशरथ साहूए गोविंद अग्रवाल, सेवक राम पटेल, जनपद पूर्व उपाध्यक्ष रामकुमार नायक आदि उपस्थित थे।

## तहसीलदार से मारपीट के आरोपी के घर की हुई नाप जोख

**रायगढ।** शहर के अतरमुडा क्षेत्र में चार दिन पहले हुई तहसीलदार से मारपीट मामले में अब प्रशासन ने आरोपी के घर की नाप जोख शुरु कर दी है।

शुक्रवार को आरआई और पटवारियों की टीम को गौरीशंकर शर्मा के मकान की जांच करने भेजा गया। पट्टे के हिसाब से बने मकान की नापजोख की गई। यह देखा गया कि पट्टा कितने वर्गफुट का है और निर्माण कितने में हुआ। बताया जा रहा है कि मकान के सामने आ हिस्सा अतिक्रमण करके बनाया गया है। संभवतरू अब इसे तोडने का आदेश दिया जाएगा। गौरतलब है कि बीते गुरुवार शाम को जिला पंचायत के पीछे गली में एक युवक ने तहसीलदार लोमस मिरी से अभद्रता करते हुए मारपीट की थी। इस दौरान उनकी पत्नी से भी बदतमीजी की गई। कार बैक करने के दौरान युवक राजा शर्मा की स्कूटी गिर गई। गाड़ी को उठाने की बात पर कहासुनी हो गई जो गंभीर विवाद में बदल गया। युवक ने तहसीलदार से हुज्जत की और मारपीट की। उनकी पत्नी के हाथ से मोबाइल भी छीन लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम प्रवीण तिवारी कई कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे। चक्रधर नगर थाने में आईपीसी की धारा 294,2,4,54,506 और एट्रोसिटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। आरोपी युवक को पुलिस ने गुरुवार शाम करीब सात बजे ही गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में अब प्रशासन ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। हांलांकि प्रशासन की इस कार्रवाई पर कहीं कहीं विरोध के स्वर भी सुनाई दे रहे हैं।

## रेत के अवैध परिवहन में संलग्न दो ट्रैक्टर जब्त



**सारंगढ़।** जिले के खनिज विभाग की जांच टीम ने बिलाईगढ़ क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रेत के अवैध परिवहन में शामिल 02 ट्रैक्टर को जब्त कर थाना भटगांव के सुपुर्दगी में दिया गया। इसके आगे की कार्यवाही छ्त्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवम्‌ ख़ान एवं खनिज विकास आधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत की जाएगी। अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण पर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगा। खनिज जांच टीम में दीपक पटेल, अनुराग नंद आदि शामिल थे।

## गुम हुए बालक को साइबर सेल ने मां से मिलाया



**रायगढ़।** शुक्रवार की शाम स्थानीय महिला ने साइबर सेल आकर साइबर सेल डीएसपी अभिनव उपाध्याय को बताया कि उसका बेटा सुबह से बिना बताए कहीं चला गया है, इतनी देर तक कभी बाहर नहीं रहता।

महिला को परेशान और चिंतित देख डीएसपी अभिनव ने जल्द उनके को ढूंढ निकाले का आश्वासन दिये और एसपी दिव्यांग पटेल को संपूर्ण वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन पश्चात बिना वक्त गंवाये साइबर सेल ने गुम युवक का मोबाइल डिटेल पर उसका लोकेशन ट्रेस किया गया जो दुर्ग था। डीएसपी अभिनव ने साइबर सेल दुर्ग के प्रभारी को संपर्क कर गुम युवक की पतासाजी में सहयोग हेतु कहा गया करीब 10 मिनट के भीतर ही साइबर सेल दुर्ग ने युवक को अपने कब्जे में लिये और साइबर सेल रायगढ़ के पुलिसकर्मियों से बात कराए। गुम युवक की मां वहां खड़ी यह सब देख रही थी, जिसके बाद वो चिंता मुक्त हो गई। आज महिला गुम युवक और घर के सदस्यगण जिला पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित करने मिठाई लेकर साइबर सेल आए। महिला ने बताया कि उनकर लड़का 12वीं के बाद आईआईटी की तैयारी कर रहा है।

### 40 दिवसीय निशुल्क कोचिंग का समापन

**रायगढ़।** अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा के तत्वाधान में आयोजित निः शुल्क चालीस दिवसीय कोचिंग समाप्त हुआ। समापन आयोजन बनोरा आश्रम में ट्रस्टी मदन दिनेश कलानोरिया एवम जगदीश अग्रवाल की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ इस दौरान कोचिंग देने वाले शिक्षको एवम 150 छात्र छात्राएं मौजूद रहे। सर्वप्रथम अघोरेश्वर के तैल चित्र में माल्यार्पण के बाद प्रार्थना हुई इसके बाद छात्र छात्राओं ने चालीस दिवसीय कोचिंग के संबंध में विचार रखे। मई माह के प्रथम सप्ताह में यह कोचिंग प्रियदर्शी राम के मुख्य आतिथ्य एवम वित्त मंत्री ओपी चौधरी के आतिथ्य में शुरू हुई थी। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले 10 एवं 12 वी के विद्यार्थियों के लिए चालीस दिवसीय ग्रीष्म कालीन अवकाश में विशेषज्ञ शिक्षको के जरिए निः शुल्क कोचिंग शुरू की गई थी।

# फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर शिक्षा विभाग में 13 साल से पदस्थ शिक्षक की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

नवीन जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के ग्राम कटेली में निजी दस्तावेजों में कूट रचना कारित कर शासकीय हाई स्कूल सोन मस्तूरी जिला बिलासपुर मे पिछले 13 सालों से वर्ग 1 शिक्षक के पद पर नवरतन जायसवाल पिता सुखदेव जायसवाल के पदस्थ होने की जानकारी प्राप्त हो रही है। इस मामले की शिकायत कलेक्टर से की गई है।

सूत्रों से जानकारी अनुसार नवरतन कि नियुक्ति 27 जून 2011 को हुई है। जिसमे प्रस्तुत आवेदन की कड़कि 3 के अनुसार जनवरी 2001 की स्थिति में 2 से अधिक जन्म व जीवित संतान नही होना था जिसे छुपाया गया। जिसकी जानकारी सम्बन्धित विभाग होने पर नियुक्ति तत्काल प्रभाव से निरस्त कर धोखाधड़ी का मामला दायर की जा सकेगी, जबकि नवरतन के चार संतान है. भारती, हरिश, ज्योति का जन्म वर्ष 2002, उदय का जन्म वर्ष 2004 को हुआ है, जिनके दाखिल खारिज पंजी संलग्न की गई है। नवरतन ने नौकरी पाने की लालच मे फर्जी विकलांगता प्रमाण पत्र भी स्वयं से कुटरचित बनाया, जिसकी फर्जी होने की पुष्टि स्व.लखीराम स्मृति जिला चिकित्सालय रायगढ़ के द्वारा कर दी गई है, आपको बता दें वर्ष 2011 की आर्थिक सामाजिक जन गणना में भी नवरतन के किसी विकलांगता का जिक्र भी नही है संबंधित फर्जीवाड़ा का प्रमाण संलग्न है, जिस पर आवेदक एवं ग्रामीणों ने पुलिस थाने का रुख करने की जानकारी भी दी है। नवरतन जायसवाल फर्जी प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर 13 सालों से शासन को धोखे मे रखकर नौकरी कर रहा है, नवरतन का जन्म मार्कशीट में दर्ज जन्म तारीख 07 जून 1969 अवलोकनीय है तथा इसकी नियुकी 2011 मे हुई जिससे यह साफ साफ पता चलता है की नवरतन ने अधिकारियों के मिलीभगत से 42 वर्ष की उम्र मे पदस्थापना के कृत्य को अंजाम दिया है जबकी उस समय आरक्षण व आयु सीमा 35 वर्ष रही।

इतना ही नही ये तो ऐसा फर्जी कर्ता है जो महज कुछ रुपयों की छात्रवृत्ति अपने बच्चों को दिलाने उद्देश्य से अपनी आय छुपाते हुए झूठी शपत पत्र न्यायालय मे प्रस्तुत कर शासन को धोके मे रखा, जानकारी ये भी प्राप्त हो रही है की जिला कलेक्टर से लेकर मंत्रालय तक विभिन्न कार्यालय में नवरतन की शिकायत की गई है।

**की गई शिकायत**

नवरतन के द्वारा ग्राम पंचायत के विकास कार्यों के संबंध में शिकायत एवं सूचना के अधिकार के तहत ग्रामवासी को परेशान करता है हमेशा विवाद में रहता हैं और फर्जी विकलांग प्रमाण पत्र के आधार पर शिक्षा कर्मी का नौकरी कर रहा है जिसकी शिकायत समस्त ग्राम वासियों ने की है।

ईश्वर साहू
सरपंच प्रतिनिधि

## आंगनबाड़ी में रिक्त पदों की अंतिम सूची जारी

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र नंदेली क्रमांक 2 ग्राम पंचायत नंदेली विकासखण्ड रायगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के एक पदए आंगनबाड़ी केन्द्र कृष्णापुर क्रमांक 2 वार्ड क्रमांक 46 नगर पालिका निगम रायगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के एक पद एवं सहायिका के एक पद तथा आंगनबाड़ी केन्द्र बोईरदादर क्रमांक 2 वार्ड क्रमांक 48 नगर पालिका निगम रायगढ़ में आंगनबाड़ी सहायिका के एक पद हेतु गत दिवस आवेदन मंगाए गए थे। उक्त आवेदनों पर मूल्यांकन समिति द्वारा जांच उपरांत प्राविधिक अनंतिम मूल्यांकन सूची परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है।

## लंबित प्रकरण के त्वरित निराकरण के निर्देशः कलेक्टर

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अविवादित, विवादित नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, भू अर्जन जैसे विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी राजस्व प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने भू अर्जन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि अवार्ड पारित होने के पश्चात रिकॉर्ड दुरुस्ती का कार्य प्राथमिकता से करें।

इसमें किसी प्रकार की लेट लतीफी नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी तहसीलवार सीमांकन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि आगामी दिनों में सीमांकन का कार्य नहीं किया जा सकता। उन्होंने अविवादित, विवादित नामांतरण, बटवारा, सीमांकन जैसे राजस्व प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने तथा लंबित प्रकरण के उचित कारण उल्लेखित करने के निर्देश दिए।

## दिवंगत श्रमिकों के आश्रितों को 5 लाख सहायता

**रायगढ़।** श्रम विभाग अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिक गोपाल यादव, वार्ड नं. 34 सारंगढ़ बाईपास रोडए रायगढ़ में कार्य के दौरान दुर्घटना से मृत्यु होने पर श्रम विभाग अंतर्गत संचालित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत प्रदाय की जाने वाली सहायता राशि रूपए 5 लाख का चेक कलेक्टर कार्तिकेया गोयल व सहायक श्रमायुक्त घनश्याम पाणिग्रही द्वारा मृतक की उत्तराधिकारी उनकी पत्नी श्रीमती द्रोपती यादव जिला रायगढ़ को प्रदाय किया गया। मृतक स्व. गोपाल यादव की 03 पुत्रिया हैं जो वर्तमान में शासकीय स्कूल में अध्ययनरत हैं।

### मंत्री ओपी चौधरी ने खेला क्रिकेट

# बाक्स क्रिकेट और बैडमिंटन कोर्ट का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ.



वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रायगढ़ स्टेडियम में युवाओं व खेल प्रेमियों के लिए दो आउट डोर बैडमिंटन कोर्ट एवं बॉक्स क्रिकेट ग्राउंड का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद राधेश्याम राठिया ने की। कार्यक्रम में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में पाषर्दगण, खिलाड़ी, खेल प्रेमी एवं शहरवासी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम बॉक्स क्रिकेट ग्राउंड का लोकार्पण फीता काटकर किया गया। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने ग्राउंड का पूरा निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री श्री चौधरी ने बल्ला लेकर क्रिकेट में हाथ आजमाया। इस दौरान बॉक्स क्रिकेट के ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग की प्रक्रिया की जानकारी भी उन्होंने ली। इस दौरान वित्त मंत्री श्री चौधरी ने ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग को निःशुल्क करने और पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर रखने के निर्देश दिए। मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि बॉक्स क्रिकेट और ओपन बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन किया गया है।

यह खेल प्रेमियों के खेल को निखारने के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि शहर के आठ अलग अलग जगह पर बॉक्स क्रिकेट और बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कराया जा रहा है। जल्द सभी का लोकार्पण होगा और युवाओं, खेल प्रेमियों का इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से रायगढ़ शहर का विकास होगा। इसके बाद दो आउटडोर बैडमिंटन कोर्ट का भी उद्घाटन उन्होंने फीता काटकर किया।

### अमरजीत ने ख़ारिज किए ननि पर लगाए आरोप

**रायगढ।** नगर निगम में पदस्थ कर्मचारी अमरजीत सिंह विरदी ने मीडिया के माध्यम से निगम प्रशासन पर स्वयं को प्रताडित करने संबंधी लगाते गए आरोप को ख़ारिज कर दिया है। विरदी ने बताया कि विगत डेढ़ दशक से रायगढ नगर निगम में करीब एक दर्जन विभागों में काम का अनुभव लेकर निगम प्रशासन से मिले हर दायित्व का बेहतर निर्वहन करने का प्रयास किया है और उच्च अधिकारी तथा सहकर्मी सहयोगियों से उन्हें आपेक्षित मदद एवं मार्गदर्शन दोनों मिलता रहा है। ऐसे में नगर निगम प्रशासन पर उनके हवाले से किए गए दोषारोपण अनुचित हैं। गौरतलब हैं कि निगम के प्रशासनिक व्यवस्था में चल रही भर्राशाही और विभाग वितरण में वरिष्ठता की अनदेखी को लेकर मीडिया में जारी समाचारों में स्वास्थ विभाग में पदस्थ अमरजीत सिंह विरदी के हवाले से उन्हे भी मानसिक ओर नस्लीय प्रताडना का पीड़ित बताया गया था जिसके बाद अमरजीत विरोधी ने आगे आकर इन आरोपों को ख़ारिज किया।

## बिना रॉयल्टी रोजाना सैकड़ो गाडियो से रेत का परिवहन



**सरसींवा।** सरसींवा से 15 किलो मीटर दूर महानदी के एक तट जैतपुर जो वर्तमान सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के अंतर्गत आता है और नदी का वर्तमान जांजगीर जिला का क्षेत्र है बता दे की महा नदी के तट करही घाट सलिहा घाट और महानदी के किनारे मैरोनी घाट से रेत माफियाओ का काम जोर शोर से चल रहा है।

ताज्जुब इस बात का है कि दोनो हि जिला जांजगीर और सारंगढ़ कुछ हि दूरी पर इस तरह यह अवैध कारोंबार आखिर किसकी सह पर खुले आम चल रहा हैएसूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रेत घाट पर मनमानी रेट से पैसा लिया जाता है और रात दिन बेफिक्र रेतो का परिवहन ट्रेक्टर और हाइवा से किया जा रहा है कभी कभार जाजगीर जिला प्रशासन तो कभी सारंगढ़ जिला प्रशासन एक दो गाड़ियों का चालान बना कर खानापूर्ति करती नजर आती है पर ताज्जुब इस बात का है कि यह रेत काअवैध कारोबार पिछले बरसात के बाद करीबन 7 माह से चलेते आ रहा है। आखिर इस तरह कब तक चलता रहेगा सरकार के टेक्स का नुकसान। यहाँ हम शासन प्रशासन से ये जानना चाहते है कि बिला रायल्टी के इस तरह परिवहन किसके दम पर किया जा रहा है आये दिन सड़को पर तेज रफ्तार रेत से भरे ट्रेक्टर और हाइवा चल रहा है जिससे सड़क किनारे बसे गांव राहगीरों को परेशानी हो रही है।